an>

title: Need to extend Chitrakoot dham-Kanpur Intercity Express upto Lucknow.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विश्वप्रसिद्ध तीर्थ एवं पर्यटन स्थल चित्रकूट धाम से कानपुर तक प्रतिदिन इन्टरसिटी एक्सप्रेस चलती है जो कानपुर में करीब 14 घंटे खड़ी रहती है। वहाँ से प्रदेश की राजधानी लखनऊ मात्र 1 घंटे की दूरी पर 80 कि.मी. है। इन्टरसिटी एक्सप्रेस को लखनऊ तक बढ़ाने हेतु काफी समय से आम नागरिकों की मांग रही है। इसे लखनऊ तक बढ़ाने से यात्रियों को सुविधा मिलने के साथ रेलवे के राजस्व में भी अच्छी बढ़ोतरी होगी। अस्तु मेरा सरकार से अनुरोध है कि अतिशीघ्र निर्णय लकर चित्रकूट धाम-कानपुर इन्टरसिटी एक्सप्रेस को लखनऊ तक बढ़ाने की कृपा करें।